राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सीमा पर जवानों के साथ स्वागत किया नये साल का

राज्यपाल ने जैसलमेर वार म्यूजियम और आर्मी एरिया का अवलोकन किया
पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी
सैनिकों से बातचीत कर हौसला अफजाही की, नए वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दीं

जयपुर, 31 दिसंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जैसलमेर यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को भारतीय सेना के वार म्यूजियम का अवलोकन किया और सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल को आर्मी की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और ब्रिगेडियर द्वारा आर्मी की कैप पहनाई गई। राज्यपाल ने जवानों के बीच पहुंचकर उनसे बातचीत की और हालचाल जाने। राज्यपाल ने सैनिकों के मूल निवास स्थान, प्रदेश और कामकाज के बारे में पूछा। आत्मीयता के साथ बातचीत कर राज्यपाल श्री मिश्र ने जवानों का दिल जीत लिया। राज्यपाल ने सैनिकों को अपनी ओर से मिठाई वितरित की और नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने सैनिकों से सैन्य अनुभव के बारे में पूछा तथा अनुभव जाने। राज्यपाल को जवानों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण सैन्य अनुभव, टैंक संचालन और विभिन्न तकनीकी पक्षों के बारे में अवगत कराया। खासकर अर्जुन टैंक सहित विभिन्न मोर्चो पर पराक्रम दिखाने वाले सैन्य उपकरण आदि से परिचित कराया और इनके संचालन से जुड़े अनुभवों के खास पहलुओं के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने सैनिकों के साथ अल्पाहार किया व चाय ली।

राज्यपाल ने सैनिकों से अपनी आवश्यकताओं के साथ ही सुझाव के बारे में पूछा। सैनिकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि राज्यपाल को अपने बीच पाकर सैनिक अत्यंत प्रफुल्लित व गदगद अनुभव कर रहे हैं । जवानों ने राज्यपाल से आग्रह किया कि इसी तरह उनके बीच आकर हौसला बढ़ाते रहें। राज्यपाल के साथ सैनिकों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी उद्‌घोष लगाएं। राज्यपाल ने आर्मी एरिया का निरीक्षण किया। ब्रिगेडियर व सैन्य अधिकारियों ने राज्यपाल को जैसलमेर आर्मी एरिया से संबंधित गतिविधियों संसाधनों आदि के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने वार म्यूजियम की विजिटर बुक में अपनी टिप्पणी अंकित की। राज्यपाल ने लिखा **वॉर म्यूजियम को बेहतरीन तरीके से व्यवस्थित किया गया है। भारतीय सेना के इतिहास को रेखांकित करने वाले इस म्यूजियम की अवधारणा ऐतिहासिक है। हमारी भावी पीढियां इस गौरवशाली धरोहर से राष्ट्र रक्षा के इतिहास को जान सकेंगी। राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को मैं नमन करता हूॅं। राष्ट्र सर्वोपरि है। भारत की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए सीमा पर तैनात भारतीय सेना के सैनिकों को मैं सलाम करता हूॅं। भारतीय सेना ने देश की सुरक्षा के लिए मजबूत व्यवस्था कर रखी है। मैं भारतीय सेना के जवानों को नव वर्ष 2020 की बधाई देता हूॅं। नया साल हमारे देश की सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली के लिए सुखद रहे, ऐसी मैं कामना करता हूॅं।**

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल